सूर्योदय 6:02 सूर्यास्त 6:29
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 32.1
न्यूनतम 22.8

बात बनाने से ज्यादा अच्छा, करके दिखाना होता है।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21
मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-253 | सोमवार 13 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-सप्तमी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

इस बार बूथ पर भाजपा की बुरी नज़र है : अखिलेश यादव



तो क्या हर बूथ पर नींबू मिर्च की लड़ी लटकानी होगी?.

# समलैंगिक सम्बन्धों के शक में पिता को उतारा मौत के घाट

## –खतौली के रुकनपुर में हुई सनसनीखेज वारदात, बंधक बनाकर पिटाई करने के बाद गला दबाकर किया कत्ल –पिता के कत्ल में तीन विरोधियों को फंसाने की साजिश, पुलिस ने की नाकाम

खतौली, १२ सितम्बर (बु.)। रुकनपुर के ऋषिपाल की हत्या उसके बेटे सुमित ने की थी। पुलिस ने रविवार को बेटे सुमित को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस का दावा है कि शराब की लत और समलैंगिक सम्बंधों के शक में बेटे ने इस वारदात को अंजाम दिया है। हत्यारोपी की निशानदेही से हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद हो गया है। आरोपी ने पहले अपने तीन विरोधियों को हत्या में फंसाने की साजिश रची थी, जो पुलिस ने विफल कर दी।

खतौली कोतवाली के रुकनपुर निवासी ऋषिपाल, १५ अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गए थे। बाद में ऋषिपाल का शव १८ अगस्त को ओमप्रकाश के ईख के खेत में पड़ा मिला था। ऋषिपाल की हत्या के शक में उसके बेटे सुमित कुमार ने गांव के ही तीन व्यक्ति मोहन, आदेश और नितीश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। जांच के दौरान किसी तरह का साक्ष्य ना मिलने पर पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया था। विवेचना के दौरान शक की सुई बेटे सुमित के आसपास घूमने लगी। इसके बाद पुलिस ने ऋषिपाल के बेटे सुमित को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो वह ना नुकुर करता रहा। सख्ती हुई तो सुमित टूट गया और पिता की हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने



हत्यारोपी बेटे के हवाले से बताया कि उसके पिता ने दो साल पहले दो बीघा जमीन बेची थी। इसके बाद २०२० में लोन लिया था। लोन के रुपये में से उसे कुछ नहीं दिया। इस बात को लेकर उसकी अपने पिता से कहासुनी भी हुई थी। उसके पिता शराब पीने के आदी हो गए। गांव के लोगों से उधार लेकर शराब पीते थे, उधारी का रुपया उसे चुकाना पड़ता था। उसके पिता के गांव के ही एक व्यक्ति से समलैंगिक संबंध थे, जिसका गांव में पता चल गया था। उस कारण उसकी काफी बदनामी हो रही थी। इसी बात से तंग आकर बंधक बनाकर पहले तो पिता की बुरी तरह पिटाई की। बाद में हत्या करने के बाद शव को गांव के जंगल में फेंक आया था। पिता के कत्ल में वह दूसरों को फंसाना चाहता था, लेकिन वह कानून की नजर से नहीं बच पाया। पुलिस ने चालान कर आज उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।





मेरठ में शहीद मेजर मयंक बिश्नोई के पार्थिव शरीर को कंधा देते मंत्री कपिल देव व शहीद के परिजनों को ५० लाख का चैक देते हुए।

### बादल फटने से बकरवाल परिवार के चार सदस्यों की मौत, एक लापता

श्रीनगर 12 सितंबर ( वार्ता )। उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को यहां हमाम मार्कूट के ऊपरी इलाके में बादल फटने की घटना के बाद एक बकरवाल परिवार के तीन नाबालिग सहित चार सदस्यों की मौत हो गयी और एक अस्सी वर्षीय व्यक्ति लापता है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार देर रात हमाम मार्कूट के डांगीवाचा क्षेत्र ऊपरी इलाके में बादल फटने की घटना सामने आयी। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल की टीमों को राहत एवं बचाव अभियान के लिए इलाके में तत्काल भेजा गया। एसडीआरएफ टीम ने मौके से चार लोगों की शव बरामद किए। शवों की पहचान शहनाज बेगम ( 30 ), उनकी पुत्री नाजिया अख्तर ( 14 ), पुत्र मोहम्मद तारिक खारी ( आठ ) और आरिफ हुसैन खारी ( पांच ) के रूप में हुई है। सभी जम्मू संभाग में राजौरी के कलसियान नौशेरा निवासी हैं। इसके अलावा एक अस्सी वर्षीय व्यक्ति बसीर खारी लापता है।

### यूएएन-आधार जोड़ने की तिथि 31 दिसंबर तक

नयी दिल्ली 12 सितंबर ( वार्ता )। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ( ईपीएफओ ) ने कर्मचारी भविष्य निधि तथा अन्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिए सार्वभौमिक खाता संख्या ( यूएएन ) को आधार कार्ड से जोड़ने की अंतिम तिथि मौजूदा वर्ष के अंत तक बढ़ा दी है। ईपीएफओ ने कल देर शाम जारी एक परिपत्र में कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों तथा कुछ अन्य उद्योग प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों और कामगारों के लिए यूएएन को आधार नंबर से जोड़ने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021 कर दी गई है। ईपीएफओ ने यह फैसला कोविड महामारी की दूसरी लहर के कारण लिया है। परिपत्र के अनुसार पूर्वोत्तर राज्यों में स्थित उद्योगों के कामगार और देशभर में बीड़ी उद्योग तथा भवन निर्माण से जुड़े कामगार अपना आधार 31 दिसंबर 2021 तक यूएएन नंबर से जोड़ सकते हैं। ईपीएफओ ने भविष्य निधि से जुड़े समस्त लाभ लेने के लिए यूएएन नंबर को आधार से जोड़ना अनिवार्य बना दिया है। 31 दिसंबर तक यूएएन नंबर से आधार कार्ड जोड़ने की छूट रहेगी।

### खालिदा की सजा की निलंबन अवधि और छह माह के लिए बढ़ेगी

ढाका 12 सितम्बर ( वार्ता )। बंगलादेश नेशनल पार्टी ( बीएनपी ) प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की जेल की सजा की निलंबन अवधि तीसरी बार छह महीने के लिए बढ़ायी जायेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कानून मंत्रालय ने सुश्री खालिदा के पक्ष में गृह मंत्रालय को अपनी राय भेज दी है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने बताया कि उनकी ( सुश्री खालिदा ) की जेल की सजा की निलंबन अवधि और छह माह के लिए बढ़ाने की सिफारिश की गयी है और जहां तक उन्हें जानकारी है कि गृह मंत्रालय ने इसे मंजूरी दे दी है। पिछले हफ्ते सुश्री खालिदा के परिवार ने कोरोना बाद की जटिलताओं और इसके इलाज के परिस्थितिजन्य आधार पर उनकी जेल की सजा के निलंबन को बढ़ाने की गृह मंत्रालय से गुहार लगायी थी। गृह मंत्रालय ने यह आवेदन कानूनी राय लेने के लिए कानून मंत्रालय के पास भेज दिया था। उल्लेखनीय है कि गत 10 अप्रैल और 24 अप्रैल को दो बार सुश्री खालिदा की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी। करीब दो माह तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद वह 19 जून को घर लौटीं थी। सरकार ने विदेश में नहीं बल्कि घर पर ही इलाज कराने की शर्त पर उनकी सजा को दो बार छह-छह महीने के लिए निलंबित कर दी थी।

## राजवाहे में तैरता मिला युवक का शव

मुजफ्फरनगर, १२ सितंबर (बु.)। तीन दिन से लापता युवक का शव नईमंडी थाना क्षेत्र के गांव बागोवाली के जंगल में राजवाहे में पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को राजवाहे से निकलवाकर कब्जे में ले लिया और मृतक की पहचान कराकर उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सवेरे बागोवाली के ग्रामीणों ने जंगल में बह रहे राजवाहे में एक व्यक्ति का शव पड़े देखा। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची नईमंडी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, तो मृतक की पहचान पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव भैंसानी निवासी ४३ वर्षीय ब्रजपाल पुत्र बलवंत के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी दी और पंचनामा भर शव को परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक तीन दिनों से लापता चल रहा था। पुलिस मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है और मामले की जांच में जुटी है।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

मुजफ्फरनगर, १२ सितंबर (बु.)। छपार क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। थाना भोपा क्षेत्र के गांव कसौली निवासी सतपाल की पुत्री रीनू की शादी नौ वर्ष पूर्व गांव बसेड़ा निवासी राजेंद्र के पुत्र विपिन के साथ हुई थी, उसके तीन बच्चे हैं। मृतका के पिता ने तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री के ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज की मांग कर उसकी पुत्री को परेशान कर रहे थे। आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने शनिवार की रात्रि को उसकी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी। उन्हें पड़ौसी ने फोन से सूचना दी। वे जब गांव में पहुंचे, तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और सभी परिवार वाले फरार हो गये थे। उन्होंने थाने पहुंचकर आरोपी पति विपिन, देवर विकास, उसकी पत्नी पिंकी एक अन्य रामचंद्र के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की तहरीर देनी चाही, तो थाना प्रभारी ने तहरीर लेने से इंकार कर दिया। सीओ सदर कृष्ण बिश्नोई ने कहा कि पोस्टमार्टम के आधार पर ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में घायल युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, १२ सितंबर (बु.)। उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए गए गंभीर रूप से घायल व्यक्ति कि मेरठ ले जाते समय मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मीरांपुर थाना क्षेत्र के गांव मुकल्लमपुरा निवासी ४६ वर्षीय उग्रसेन पुत्र दयाचंद देर रात लघुशंका के लिए उठा था। एक पत्थर से टकराकर वह जमीन पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जानसठ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से भी घायल को मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। मेरठ ले जाते समय उग्रसेन की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है।



### भारत-ऑस्ट्रेलिया टू प्लस टू वार्ता बहुत लाभकारी रही : मोदी

नयी दिल्ली, 11 सितंबर ( वार्ता )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहली 'टू प्लस टू' वार्ता को बहुत लाभकारी बताते हुए दोनों देशों के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन का आभार व्यक्त किया है। श्री मोदी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय बातचीत के दौरान हुई उपयोगी चर्चा पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी का संकेत है। उन्होंने पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी को तेजी से आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की भूमिका की सराहना की।

## राज्यमंत्री ने शहीद मेजर मयंक बिश्नोई को दी श्रद्धांजलि

### –राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मेरठ पहुंचकर परिजनों को दिया ५० लाख रुपये का चेक

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर ( बु. )। जम्मू कश्मीर के शोपियां में शहीद हुए मेरठ के मेजर मयंक विश्नोई का गमगीन माहौल में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस बीच वहां मौजूद सभी की आंखों में आंसू आ गए। इससे पूर्व हिंडन एयर बेस से सड़क मार्ग द्वारा दोपहर बाद शहीद मेजर मयंक का पार्थिव शरीर मेरठ पहुंचा, जहां केंद्रीय मंत्री व सांसद वीके सिंह, प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, व्यापारिक व क्षेत्रीय लोगों ने मेरठ के लाल शहीद मयंक विश्नोई को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान हर कोई शहीद के अंतिम दर्शन के लिए बेताब ही दिखा। यहां से शहीद की अंतिम यात्रा सूरजकुंड के लिए रवाना हुई। इस बीच लोग हाथों में फूल लेकर अपने घरों की छतों एवं घरों के गेट पर खड़ी महिलाओं ने पुष्प बरसाकर श्रद्धांजलि दी। दरअसल शोपियां में 27 अगस्त को हुई आतंकी मुठभेड़ में मेजर मयंक विश्नोई के सिर में गोली लग गई थी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत ही उधमपुर के सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों को जैसे ही उनके घायल होने की सूचना मिली तो वे उधमपुर पहुंच गए। जिसके बाद उनके माता पिता व बहनें वापस आ गईं थीं लेकिन पत्नी स्वाति उनके साथ रुक गई थी। शनिवार को मेजर मयंक ने सैनिक अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के शहीद मेजर मयंक बिश्नोई को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को 50 लाख की मदद, एक सदस्य को सरकारी नौकरी व एक सड़क का नामकरण शहीद मयंक बिश्नोई के नाम पर करने की घोषणा की है। प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मेरठ से भाजपा सांसद राजेंद्र अग्रवाल, विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल, विधायक दिनेश खटीक, पूर्व विधायक अमित अग्रवाल आदि ने भी शहीद मेजर मयंक विश्नोई को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गैस सिलेंडर में लगी आग से मची अफरा तफरी

बुढ़ाना, १२ सितम्बर (बु.)। आज रविवार की सायं कस्बे के महावीर तिराहे पर स्थित एक होटल के सिलेंडर में अचानक से आग की लपटे उठने से अफरातफरी मच गई। बाद में स्थानीय दो युवकों की सहायता से बुढ़ाना पुलिस ने बड़ी मुश्किल पर आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार आज सायं साढ़े ०५ बजे महावीर तिराहे पर स्थित एक होटल न्यू मूड फूड में अचानक से सिलेंडर में से आग की लंबी-लंबी लपटे उठने लगी, तब यहां पर खाना खा रहे ग्राहकों और होटल स्टाफ में भगदड़ मच गई। देखते ही देखते आग की लपटे तेज हो गई, तब किसी की सूचना पर बुढ़ाना कोतवाली के एसएसआई लेखराज सिंह और बुढ़ाना पुलिस चौकी प्रभारी विजय पाल सिंह काजला पुलिस बल और फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर आ गये और उन्होंने स्थानीय दो युवकों मुजम्मिल और शादाब की सहायता से काफी देर बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान यहां पर आसपास का इलाका खाली हो गया। दूर से ही भीड़ यह नजारा देखती रही। काफी देर तक यहां अफरातफरी का माहौल बना रहा। कुल मिलाकर पुलिस की भागदौड़ के चलते एक बहुत ही बड़ा हादसा होने से टल गया। स्थानीय दोनों युवकों मुजम्मिल और शादाब की बहुत तारीफ हो रही है। इस दौरान जाम भी लग गया था।

## जेल से छूटकर आये युवक ने शराब पीकर काटा बवाल

### –युवक ने पुलिस से मांगा सेवा का हिसाब, पुलिस ने कहा तौबा –घायल होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

मुजफ्फरनगर, १२ सितंबर (बु.)। मय का नशा जब सिर चढ़ जाता है, तो मयकश धरती पर ही जन्नत की सैर करने लगता है। नशे में चूर शराबी उस समय अपने से बड़ा किसी को नहीं समझता, चाहे फिर कोई भी हो। यह बात अलग है कि नशा उतरने के बाद उसे अपनी गलतियों का अहसास होता है। ऐसा ही एक मामला मुजफ्फरनगर के नईमंडी थाना क्षेत्र के भोपा रोड पर प्रकाश में आया, जहां पर जेल से छूटकर आये, एक युवक को अंगूर की बेटी का नशा इस कदर चढ़ा कि उसने घंटो तक जमकर उत्पात मचाया और खुद को घायल भी कर लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबूलेंस की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार भोपा थाना क्षेत्र निवासी युवक साजिद किसी मामले में जिला कारागार में बंद था। जेल से छूटने के बाद वह शराब के ठेके पर पहुंचा और जमकर शराब पी। शराब पीने के बाद जब वह नशे में चूर हो गया, तो उसने भोपा रोड पर एसडी डिग्री कॉलेज के पास उत्पात मचाना शुरू कर दिया। साजिद ने आसपास से गुजर रहे लोगों के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। यही नहीं उसने सड़क किनारे बनाई गई सिमेंट की बेंच को भी तोड़ डाला, जिसमें वह घायल भी हो गया। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और साजिद को समझाने का प्रयास किया। नशे में चूर साजिद ने पुलिसकर्मियों से भी बदतमीजी शुरू कर दी। साजिद का कहना था कि उसने जेल में रहते हुए पुलिसकर्मियों की बहुत सेवा की है, जिसके हिसाब का समय आ गया है। साजिद ने पुलिसकर्मियों से कहा कि उसके पास खाने के पैसे नहीं है, इसलिए जेल में की गई सेवा के बदले उसे पैसे देने पड़ेंगे। साजिद की हरकतें देखकर पुलिस को भी अपनी जान बचानी भारी पड़ गई। इस दौरान पुलिस तौबा करती नजर आई। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने एंबूलेंस के द्वारा उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां भी वह ऐसी ही हरकते करता रहा।

### तालिबान ने मंत्रिमंडल गठन औपचारिक समारोह को किया स्थगित

काबुल, 11 सितंबर ( वार्ता )। तालिबान ने 9/11 आतंकवादी हमलों की 20वीं बरसी पर शनिवार को होने वाले नवनियुक्त कार्यवाहक मंत्रिमंडल के औपचारिक समारोह स्थगित कर दिया गया है। तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने आज यहां बताया कि 9/11 आतंकवादी हमलों की 20वीं बरसी पर होने वाले नवनियुक्त कार्यवाहक मंत्रिमंडल के औपचारिक समारोह स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने हालांकि इस फैसला का कारण नहीं बताया, केवल इतना कहा कि समारोह को 'कुछ कारणों से' स्थगित कर दिया गया है। रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को कहा था कि रूस अफगानिस्तान की नई सरकार के औपचारिक गठन समारोह में शामिल नहीं होगा।

## चोरी करती महिला अफसर का वीडियो वायरल

मुजफ्फरनगर, १२ सितम्बर (बु.)। जनपद के एक केयर सेंटर की महिला अफसर की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से खलबली मच गई है। महिला अधिकारी उक्त वीडियो में एक दुकान से मोबाइल चोरी करते हुए नजर आ रही है। क्लिप में उसका बेटा भी मौजूद है, जो दुकान के काउंटर पर खड़ा होकर दुकानदार से बात कर रहा है। वीडियो क्लिप सामने आने के बाद पुलिस तहरीर आने पर कार्रवाई की बात कह रही है। वायरल हुई यह वीडियो चार सितंबर की है, जिसमें एक महिला अपने बेटे के साथ किसी मोबाइल शॉप में मौजूद है। क्लिप में महिला का बेटा काउंटर पर खड़े होकर दुकानदार से बात करते हुए दिख रहा है, जबकि पास ही स्थित महिला मोबाइल शॉप के काउंटर व रैक पर रखे मोबाइल व अन्य सामान एक-एक कर अपने हैंड बैग में डालते हुए नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस वीडियो में जो महिला कैद है, वह जनपद के एक केयर सेंटर की महिला अधिकारी बताई जा रही है, जो संविदा

शेष : पृष्ठ ४ पर

### जिस विभाग में है तैनात वहां अकसर होती है चोरी

मुजफ्फरनगर, १२ सितम्बर (बु.)। सोशल मीडिया पर दुकान से मोबाइल चोरी कर रही जो महिला अफसर सीसीटीवी कैमरे में कैद है, उनके विभाग से पिछले कुछ समय से लगातार कर्मचारी अपने रुपये चोरी होने की शिकायत कर रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी मुश्फेकीन अहमद ने बताया कि पिछले कुछ समय से उनके पास उक्त विभाग के ऑफिस से कर्मचारियों के रुपये व अन्य कीमती सामान चोरी होने की शिकायतें मिल रहीं हैं। हालांकि अभी चोरी करने वाले व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जांच कर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## भारसी मोड़ के निकट सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

कांधला, १२ सितम्बर (बु.)। दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग भारसी मोड़ के निकट आवारा गौवंश की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान युवक की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने गमगीन माहौल युवक को दाह संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी २७ वर्षीय सोनू दिल्ली की एक प्राईवेट कम्पनी में नौकरी कर परिवार का भरणपोषण कर रहा था। परिजनों के मुताबिक युवक सोनू बीते शनिवार की रात छुटटी लेकर बाइक से अपने गांव गंगेरू आ रहा था। दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग गांव भारसी मोड़ के समीप पंहुचने अचानक से सोनू की बाइक के सामने आवारा गौवंश सामने से आकर टकरा गया, जिसमें सोनू मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। खून से लथपथ घायल युवक को पुलिस व राहगिरों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र पर पंहुचाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना के बाद घायल युवक सोनू के परिजन भी मौके पर पंहुच गए। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक मृतक युवक सोनू की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी, जिसके चलते सोनू की गर्भवती पत्नी भी पति की मौत की सूचना मिलने से गहरा

शेष : पृष्ठ ४ पर

## डीएम की कसौटी पर खरी नहीं उतर पा रही पालिका

### –ईओ को फटकार लगी, दिए व्यवस्था सुधार के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर ( बु. )। नगरपालिका में फैली तमाम अव्यवस्था को पटरी पर लाने के साथ उसमें सुधार की कवायदों के बीच डीएम चन्द्र भूषण सिंह कोई भी कोर कसर बाकी रखने के मूड़ में नहीं है। इन्हीं तमाम व्यवस्थाओं के बीच पालिका में फैली अव्यवस्था के बीच शिकायतों के निस्तारण में हो रही देरी पर डीएम ने नाराजगी जताई है। वहीं नगर पालिका ईओ को तलब करने के साथ फटकार लगाई है। ऐसे में ईओ ने डीएम की नाराजगी जेई निर्माण पर निकालते हुए व्यवस्था में सुधार किए जाने के साथ जेई निर्माण को नोटिस जारी करते हुए लम्बित शिकायतों का दो दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने जिले में अपना मॉडल डीएम वार रूम की व्यवस्था लागू करने के साथ व्यवस्था के लिए डीएम ने व्हाट्सएप ग्रुप शुरू किया है। डीएम द्वारा बनाई गई इस व्यवस्था से शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है, लेकिन नगर पालिका मुजफ्फरनगर डीएम की इस व्यवस्था में खरी नहीं उतर पा रही है। ऐसे में पालिका में इस बीच शिकायतों का निस्तारण नहीं हो रहा है, जिस कारण पालिका में शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शिकायतों के निस्तारण में हो रही देरी के चलते डीएम ने कडी नाराजगी जताई है। डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने पालिका की बिगड़ी व्यवस्था को सही करने के लिए काम शुरू कर दिया है। शिकायतों का निस्तारण न होने से नाराज डीएम ने पालिका ईओ हेमराज सिंह को तलब करते हुए जमकर फटकार लगाते हुए लंबित शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हं। पालिका ईओ डीएम की फटकार के बाद पालिका पहुंचे और उन्होंने जेई निर्माण को तलब करते हुए डीएम की सारी नाराजगी उन पर निकाली। ईओ ने जेई निर्माण को नोटिस जारी करते हुए दो दिन में उक्त लंबित शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए है। पालिका ईओ ने इसके साथ ही मार्ग प्रकाश, स्वास्थ्य, जलकल और निर्माण विभाग आदि के विभागाध्यक्षों को पत्र जारी करते हुए डीएम वार रूम के तहत चल रही वर्तमान व्यवस्था के अनुसार काम करने के निर्देश दिए है।

### इस बार बूथ पर है भाजपा की बुरी नजर : अखिलेश

लखनऊ, 12 सितम्बर ( वार्ता )। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इस बार बूथ पर भाजपा की बुरी नजर लगी है और लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादी कार्यकर्ताओं की अग्निपरीक्षा का समय है। श्री यादव ने रविवार को कहा कि भाजपा सत्ता का दुरूपयोग कर अपना राजनीतिक एजेण्डा पूरा करना चाहती है। इसलिए युवा शक्ति एवं जाग्रत जनता उत्तर प्रदेश में अब हर बूथ पर जन जागरण करते हुए समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों और काम के आधार पर 'जन-मन विजय अभियान' की सफलता सुनिश्चित करके लोकतांत्रिक क्रांति के लिए प्रतिबद्ध है।

## युवक का अपहरण कर नकदी लूटी

मुजफ्फरनगर, १२ सितम्बर (बु.)। हाईवे पर गाड़ी का इंतजार कर रहे युवक को कार सवार नकाबपोश बदमाशों ने पहले तो अपहरण किया, फिर चलती कार में पिस्टल से आतंकित करते हुए हजारों की नगदी लूटी। लूटपाट करने के बाद बदमाश युवक को रतनपुरी के जंगल में फेंककर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद लूट की घटना को मोबाइल चोरी होने की घटना बताकर कार्रवाई की है। रतनपुरी थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी सलीम ट्रांसपोर्ट का काम करता है। शनिवार की रात को मगलौर में गाडी खड़ी कर वहां से भाड़ा लेकर घर जाने के लिए बस में सवार हुआ। चालक ने बस को हाईवे स्थित एक होटल पर रोक दिया। परिचालक ने बस को हाईवे से जाने की बात कही, तो सलीम खतौली आने के लिए हाईवे स्थित भैंसी कट के समीप पुल के नीचे गाड़ी का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद सलीम के पास एक ईको कार आकर रूकी। कार में सवार नकाबपोश बदमाशों ने सलीम को जबरन गाड़ी में डाल कर अपहरण कर लिया। गाड़ी में डालते ही दो बदमाशों ने सलीम की कपनटी पर पिस्टल तानकर गोली मारने की ध‍मकी देते हुए गाड़ी को हाईवे की ओर दौड़ा दिया। बदमाशों ने सलीम से चलती गाड़ी में लूटपाट की। बताया कि बदमाशों ने बीस हजार की नगदी के अलावा दो मोबाइल भी लूटे। लूटपाट की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर डॉयल १०० के अलावा रतनपुरी पुलिस भी पहुंच गई। रतनपुरी पुलिस ने घटनास्थल खतौली थाना क्षेत्र का बताया। कुछ देर बाद खतौली पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। पुलिस पीड़ित को लेकर घटनास्थल पर पहुंची। पूरे प्रकरण की जानकारी करने के बाद भी पुलिस ने पीड़ित पर दबाब बनाकर लूट की तहरीर न लेकर उससे मोबाइल गुम होने की तहरीर ली।

### जापान की आधी से अधिक आबादी को कोरोना के दोनों टीके लगे

टोक्यो, 12 सितंबर ( वार्ता/स्पूतनिक )। जापान में कोरोना वायरस ( कोविड-19 ) टीकाकरण अभियान में देश की आधी से अधिक ( 50 फीसदी से अधिक ) आबादी को कोविड-19 के दोनों टीके लग चुके हैं। जापान कोरोना वायरस प्रतिक्रिया के प्रभारी मंत्री यासुतोशी निशिमुरा ने रविवारको एनएचके प्रासरणकर्ता को यह जानकारी दी। श्री निशिमुरा ने कहा, ''जापान की कुल जनसंख्या के 50 फीसदी से अधिक लोगों को कोरोना के दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। अगर कोरोना टीकाकरण की वर्तमान दर इसी तरह बरकरार रही तो हमें उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक दोनों टीके लगवाने वालों की कुल संख्या 60 फीसदी से ऊपर पहुंच जाएगी।''

# सोमवार को कचहरी में फिर नो वर्क करेंगे अधिवक्ता

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर ( बु. )। अपनी मांगों को लेकर पूर्व में कोर्ट गेट पर धरनारत रही जिला बार संघ एवं सिविल बार एसोसिएशन ने सोमवार को फिर से नो वर्क घोषित कर दिया है। ऐसे में 13 सितंबर को अधिवक्ता कोर्ट में कोई न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। इसके साथ ही दोनों बार एसोसिएशन ने संयुक्त हाउस के माध्यम से मांगों को पूर्ण किए जाने के लिए दबाव बनाने के निर्णय समेत अन्य तमाम मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन की रणनीति पर मंथन होगा। पूर्व में विचाराधीन मुकदमे को लेकर सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बीच हुई कहासुनी का मामला कचहरी में तूल पकड़ता जा रहा है। उक्त मामले में समझौता कराने के लिए पहुंचे जिला बार संघ अध्यक्ष, महासचिव व अन्य अधिवक्ताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार मामले में जारी विरोध के बीच 8 सितम्बर को कचहरी में विरोध स्वरूप हुई तालाबंदी और धरना प्रदर्शन के बाद भी कोई राहत न मिलने पर अब अधिवक्ताओं ने फिर से आंदोलन पर मंथन के चलते अब सोमवार को नो वर्क की घोषणा के साथ बैठक बुलाई है, ताकि आगे की रणनीति बनाई जा सके। बार ने अधिकारी के बहिष्कार के साथ तबादले की मांग की थी। इसी मामले में अब सोमवार को भी कचहरी में नो वर्क घोषित किया है। बार संघ की ओर से जारी की सूचना में सोमवार 13 सितम्बर को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहेंगे और कोई न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। इसके साथ दोनों बार का संयुक्त हाउस दोपहर 12 बजे बुलाया है। इस बैठक में अधिकारी को लेकर चल रहे आंदोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा करते हुए भावी रूपरेखा बनाई जायेगी। इसके साथ ही बैठक में अधिवक्ताओं से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

## राजनैतिक दल की नहीं, पूंजीपतियों की है मोदी सरकारः टिकैत

बांदा, 12 सितम्बर ( वार्ता )। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि देश में किसी पार्टी की नहीं बल्कि चंद उद्योगपति और पूंजीपतियों की पंसदीदा नरेन्द्र मोदी की सरकार है। श्री टिकैत ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि देश में अगर किसी राजनीतिक दल की सरकार होती तो किसानों की समस्याओं पर विचार कर 10 माह से चलाए गए आंदोलन को समाप्त करने का हल निकाला जाता। देश में सिर्फ मोदी सरकार है और उनके साथ बड़ी-बड़ी कंपनियां है जिसके चलते आंदोलन के मुद्दों में सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार सरकार रेलवे का निजीकरण कर रही है। स्पेशल ट्रेनों का नाम देकर टिकट महंगे किए गए और प्लेटफार्म टिकट के दाम भी कम नहीं हुए।

## खतौली में जिला पंचायत सदस्य के साथ मारपीट से तनातनी

खतौली, १२ सितंबर (बु.)। खतौली में रास्ता देने के विवाद में जिला पंचायत सदस्य के साथ ठेली विक्रेता द्वारा मारपीट करने से अफरातफरी मच गई। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने–सामने आने से तनातनी हो गई। फिलहाल पुलिस बल लगाकर आरोपी ठेली विक्रेता की तलाश में दबिश चल रही है। लोहड्डा निवासी जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार रविवार को स्कूटी से सामान लेने खतौली आए थे। बड़ा बाजार से सामान लेकर वापस लौटते समय ढ़ाकन चौक के पास ठेली लगाकर खड़े पपीता बेच रहे फल विक्रेता से रास्ते को लेकर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर कहासुनी में ठेली विक्रेता ने अपने एक साथी की मदद से जिला पंचायत सदस्य के साथ मारपीट कर दी। जिला पांच सदस्य मनोज से मारपीट की खबर पर भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के आमने–सामने आने से तनातनी हो गई। पुलिस ने सही समय पर आकर झगड़े को आगे नहीं बढ़ने दिया। पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य मनोज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



## कैंप में १३५ लोगों की आंखों की जांच

शामली १२ सितम्बर (बु.)। लोकसेवा स्वास्थ्य समिति शामली द्वारा आयोजित निःशुल्क चश्मा वितरण कैम्प में १३५ व्यक्तियों की आंखों की जांच कर उनको चश्मों का वितरण किया गया। रविवार को शहर के अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर लोकसेवा स्वास्थ्य समिति शामली द्वारा आयोजित निःशुल्क ३५वां चश्मा वितरण कैंप का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विनीत गोयल, राजेंद्र गुप्ता, कुलदीप गोयल द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। कैंप में मुख्य चिकित्सक डॉ. उमंग अग्रवाल ने २०६ व्यक्तियों को आधुनिक मशीन द्वारा जांच की, जिसमें १३५ व्यक्तियों को चश्मे का वितरण किया गया। कैम्प में २५ व्यक्तियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। संस्था के महासचिव संजय कुमार त्यागी ने बताया कि सभी जरूरतमंदों को चश्मे वितरण, मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए जाएंगे। अगला कैंप १० अक्टूबर को लगाया जाएगा।

## यूपी टैक्स बार में अमरकांत गुप्ता बने कार्यकारिणी सदस्य

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर ( बु. )। टैक्स बार एसोसिएशन में वरिष्ठ सदस्य के रूप में कार्य कर रहे अमरकांत गुप्ता एड. को अब यूपी टैक्स बार एसोसिएशन में कार्यकारिणी में सदस्य नामित किया है। जनपद को मिले इस सम्मान से अधिवक्ताओं को अपनी आवाज शासन-प्रशासन स्तर तक रखने में मजबूती होगी। रविवार को डिस्ट्रिक्ट टैक्स बार एसोसिएशन के संरक्षक आरके मलिक की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि यूपी टैक्स बार एसोसिएशन की 256 वीं प्रांतीय संघ कार्यकारिणी की सभा में मुजफ्फरनगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता और डिस्ट्रिक्ट टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्य अमरकांत गुप्ता एडवोकेट को यूपी टैक्स बार की गठित कार्यकारिणी में सदस्य नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता अमर कांत गुप्ता के मनोनयन पर जनपद के टैक्स अधिवक्ताओं और बार ने बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में इस जिम्मेदारी से अधिवक्ताओं की समस्याओं को पुरजोर ढंग से शासन-प्रशासन के समक्ष रखने का काम करेंगे।







# श्री गणपतिधाम में राम चरित्र मानस की गूंजी चौपाईयां

## –देर रात्रि तक मंदिर प्रांगण में बही भक्ति की ज्ञान गंगा

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर ( बु. )। दस दिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव कार्यक्रम की कड़ी में शनिवार रात्रि को नई मंडी स्थित श्री गणपतिधाम खाटू-श्याम मंदिर परिवार की ओर से मंदिर प्रांगण में श्री राम चरित्र मानस की चौपाईयां गूंजती रही। इस दौरान संपन्न धार्मिक आयोजन में तमाम श्रद्धालुओं ने देर रात्रि तक भक्तिमय ज्ञान गंगा में डूबकी लगाई। इस दौरान मंदिर प्रांगण व प्रतिमा के भव्य श्रृंगार के साथ रंग बिरंगी झालरों के साथ विभिन्न प्रकार के फूलों के द्वारा सजाया गया, जिसकी अद्भुत छटा ने मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं को भाव विभोर किए रखा। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में सुबह विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। नई मंडी भरतिया कालोनी में स्थित श्री गणपतिधाम-खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में शनिवार देर रात्रि तक श्री गणेश जन्मोत्सव की धूम रही। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के साथ मंदिर प्रांगण में सुबह की बेला में जहां एक ओर विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना संपन्न हुई, वहीं देर रात्रि तक जारी श्री राम चरित्र मानस के पाठ के दौरान चौपाईयां हर ओर भक्ति संगीत की रसधारा में डूबकी लगाते दिखाई दिए। दस दिवसीय महोत्सव के बीच मंदिर प्रांगण के होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में श्री गणपतिधाम क्षाटू श्याम मंदिर के चेयरमैन व उद्यमी भीम कंसल ने बताया कि मंदिर में भगवान श्री गणपति की पूजा अर्चना के साथ दस दिवसीय कार्यक्रम में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं और सायंकाल में प्रतिदिन होने वाली महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में जारी कोरोना की गाइडलाइंस के बीच मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने फेस मास्क व सैनिटाइजर का प्रयोग सुरक्षा कारणों से किया। शनिवार की देर रात्रि तक जारी श्री राम चरित्र मानस के पाठ के दौरान मुख्य रूप से मंदिर के प्रधान अशोक गर्ग, कैलाश चंद ज्ञानी, जेपी गोयल, अमरीश गर्ग, अंकित अग्रवाल, प्रतीक कंसल, दिनेश गर्ग, अनिल गोयल, विकास कन्नू ने व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया। इससे पूर्व प्रातः बेला में श्री गणपतिधाम धाम खाटू श्याम मंदिर में जारी कार्यक्रम के बीच पंडित भास्कर धर्माचार्य के सानिध्य में विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रों के बीच श्री गणेश की पूजा अर्चना करते हुए घर परिवार की सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

# कर्मचारियों ने मुजफ्फरनगर में मांगा सीजीएचएस सैंटर

## –केंद्रीय राज्यमंत्री को सौंपा प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर ( बु. )। केन्द्रीय कर्मचारियों ने अपनी पेंशन, स्वास्थ्य और अन्य लंबित समस्याओं के निस्तारण के साथ ही सरकार द्वारा घोषित सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए जनपद में केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना सीजीएचएस के अन्तर्गत वेलनेस सैंटर स्थापित किए जाने की मांग की। इसके लिए केन्द्रीय कर्मियों के संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुजफ्फरनगर सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा। केन्द्रीय कर्मियों का कहना है कि आसपास के जनपदों में वेलनेस सेंटर होने से लाभ मिल रहा है, जबकि मुजफ्फरनगर में सैंटर न होने के कारण समस्याएं बनी हुई है। रविवार को आयकर विभाग और पेंशनर्स संघ के कर्मचारी संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के एटूजेड कालौनी स्थित आवास पर उनसे मिला। उक्त प्रतिनिधिमंडल में आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ, आयकर कर्मचारी महासंघ और पेंशनर्स संघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। केन्द्रीय राज्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने मुजफ्फरनगर में सीजीएचएस वेलनेस सैंटर खुलवाये जाने की मांग की। संघ के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री को बताया कि उनके पड़ौसी जनपदों मेरठ और सहारनपुर में सीजीएचएस वेलनेस सैंटर बीते कई वर्षो से संचालित है। वहीं बागपत जिले में भी यह व्यवस्था शुरू है। आज के कठिन समय में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर केंद्रीय कर्मियों के लिए महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों के हितों व समस्या समाधान के लिए सीजीएचएस वेलनेस सैंटर मुजफ्फरनगर में खुलवाया जाए, ताकि जिले में हजारों की संख्या में केन्द्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स अपने परिवार के साथ सुविधा का लाभ उठा सके। केंद्र सरकार के करीब सभी कार्यालय, जिनमें आयकर विभाग, केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क कार्यालय, पोस्ट ऑफिस के साथ केन्द्रीय विद्यालय भी स्थित हैं। ऐसे में इन कर्मियों और इनके परिवारों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ समय से नहीं मिल पा रहा है व पेंशन आदि समस्याओं के निस्तारण को लेकर कर्मियों को परेशान होना पड़ता है। इससे मानसिक स्तर पर दिक्कत उत्पन्न हो रही हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने केंद्रीय कर्मियों की समस्या निदान के साथ सीजीएचएस वेलनेस सेंटर शीघ्र खुलवाने का आश्वासन देते हुए कहा कि वह इस मामले में सरकार में बात करते हुए इसका लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ से आयकर अधिकारी गणेश चन्द्र गुप्ता, आयकर कर्मचारी महासंघ से अध्यक्ष अशोक द्विवेदी और सचिव अमिताभ श्रीवास्तव, पेंशनर्स संघ से सुदामा प्रसाद एवं केपी अनुरागी आदि मौजूद रहे।

## हिमाचल में मानसून की 19 फीसदी बारिश कम, 379 मौतें

शिमला, 12 सितम्बर ( वार्ता )। हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन में अभी तक 19 फीसदी कम बारिश हुई है जबकि इस दौरान अभी तक 379 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 13 लापता हैं। हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग के तहत राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मंडी जिले को छोड़कर राज्य के शेष सभी जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। मंडी जिले में भी सामान्य से दो फीसदी अधिक बारिश हुई है। गत 13 जून से 11 सितम्बर तक राज्य में 566 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि इस अवधि में सामान्यतः बारिश 696 मिलीमीटर होनी चाहिये। इस दौरान राज्य में निजी और सरकारी सम्पति का करीब कुल 99861194 रुपये का नुकसान हुआ है। मानसून में आपदाओं के चलते 379 लोगों की जान चली गई जबकि 13 लापता हैं। इसके अलावा इस दौरान 666 जानवरों और पक्षियों की भी मौत हुई।

# तेरहवीं का सामान लेकर लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला

भोपा, १२ सितम्बर (बु.)। भोपा थानाक्षेत्र के गांव बिहारगढ़ में वॉलीबॉल खेल कर आ रहे युवकों के बीच में हो रहे विवाद को निपटाने गए युवक पर लगभग आधा दर्जन युवकों ने जानलेवा हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को भोपा सीएचसी पर लेकर आए, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ में कुछ युवक गांव के ही मैदान में वॉलीबॉल खेल रहे थे। वहां उनका एक युवक मन्सू के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिस पर मन्सू वहां से गांव की ओर वापस चल दिया, तभी लगभग आधा दर्जन युवकों ने उसे गांव के शिव मंदिर के पास घेर लिया। उसी समय गांव का ही गोविंद अपने ताऊ की तेहरवीं का सामान लेकर वापस अपने गांव में लौट रहा था, जब उसने युवक के साथ मारपीट होती देखी, तो वह बीच–बचाव करने के लिए उनके बीच में घुस गया, जिस पर गुस्साए युवकों ने गोविंद पर हमला बोल दिया और धारदार हथियारों से उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल के चिल्लाने की आवाज सुनकर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह उसकी जान बचाई और मामले की सूचना पुलिस को दी व घायल को लेकर भोपा सीएचसी पर पहुंचे, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। भोपा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## पर्यूषण पर्व का समापन

मुजफ्फरनगर, १२ सितम्बर (बु.)। जैन महासंघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार जैन ने बताया कि श्री जैन स्थानक, सिद्धार्थ कालोनी मुजफ्फरनगर में चार्तुमास हेतु विराजित श्रयष संघ की महासाध्वी श्री समता जी महाराज ढाणे–३ के सानिध्य में ४ से ११ सितम्बर, आठवां दिन संवतसरी के रूप में मनाया गया। एक–दूसरे से क्षमा मांगी। अपनी आत्मा के कल्याण हेतु व्रत एकासना, आयम्बिल की आठ दिवसीय तथा इससे भी अधिक व्रत उपवास रखकर कर्मों की निर्जरा की। अन्तगढ सूत्र में भगवान महावीर स्वामी तथा नीमनाथ भगवान के समय १० उत्कुष्ट आत्माओं का वर्णन महासाध्वी श्री समताश्री महाराज ने सुनाया। अन्त में गौतम प्रसादी, नवकार महामंत्र के ८ दिवसीय रात–दिन जाप का विसर्जन अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, महामंत्री कीमती लाल जैन सहित सैंकड़ों श्रावक श्राविका के बीच किया गया। प्रवचन प्रतिदिन प्रातः ८ से ६:१५ बजे तक जैन स्थानक सिद्धार्थ कॉलोनी में दिया।

## देवबंद में आबादी के बीच प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्री सील

देवबंद ( सहारनपुर ) 12 सितम्बर ( वार्ता )। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के देवबंद कस्बे में आबादी के बीच प्रदूषण मानकों का उल्लंघन कर चलाई जा रही लोहे के गेट बनाने की फैक्ट्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार देवबंद कस्बे के रहमान कॉलोनीवासियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस फैक्ट्री की शिकायत की थी,जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि मंगलौर मार्ग पर स्थित रहमान कॉलोनी निवासी इस फैक्ट्री के प्रदूषण से लोग परेशान थे। जिन्होंने अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की थी। प्रदूषण विभाग द्वारा ने उक्त फैक्ट्री की जांच की गई। जांच में अनियमितताएं मिलने पर प्रदूषण विभाग की रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई के लिए प्रदूषण विभाग को निर्देशित किया गया था। सूत्रों के अनुसार तहसीलदार सुरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस और प्रदूषण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री को सील कर दिया। प्रदूषण विभाग की छापामारी से फैक्ट्री संचालकों में हड़कंप मचा है। दूसरी ओर प्रशासन की कार्रवाई का व्यापारियों ने स्वागत किया है। गौरतलब है कि नियमों की अनदेखी कर आबादी क्षेत्र में चलाई जा रही फैक्ट्री को सील करना लोगों क जाने को लेकर व्यापारियों सहित अन्य संगठनों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की प्रशंसा की है।



# मंत्री कपिल देव ने डीएम के साथ बैठक में विकास कार्यों का खाका खींचा

मुजफ्फरनगर १२ सितंबर (बुस.)। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डीएम के साथ बैठक कर अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का खाका खींचकर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुजफ्फरनगर में सरकारी या निजी कार्यक्रमों के लिए कोई पर्याप्त स्थान नहीं है, जिस कारण सरकारी योजनाओं आदि से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजनों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डीएम चंद्र भूषण सिंह के साथ मीटिंग कर महावीर चौक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज भवन के पास, लाईब्रेरी के पीछे ५०० सीटर ऑडिटोरियम बनाये जाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये हैं। विदित रहे, इस संबंध में पिछले सप्ताह उन्होंने डीएम को पत्र भी लिखा है तथा यहाँ एक बड़ा ऑडिटोरियम बनाये जाने हेतु निर्देशित किया है। कपिल देव ने बताया कि इस कार्य से बड़े कार्यक्रमों के आयोजनों में सुविधा होगी तथा नगर के विकास को पंख लगेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार अपने मूल मंत्र सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास के आधार पर चहुंमुखी विकास को प्रतिबद्ध है और विश्व पटल पर सबसे लोकप्रिय पार्टी के रूप में ख्याति प्राप्त है।

**शेष : भारसी मोड़.....**

सदमा लगा है। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में मृतक युवक के शव का दाह संस्कार कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग ७०६–बी एलम से लेकर खन्द्रावली तक आवारा गौवंश का पूरी तरह से कब्जा रहता है। मार्ग पर फर्राटा भरने वाले अधिकांश वाहनों को आवारा गौवंश कारण गंभीर हादसों का शिकार बनकर जान से हाथ धोना पड़ रहा है। वहीं कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ व्यापारियों के द्वारा मार्ग पर कब्जा कर मार्ग की सुगमता का बाधित किया जा रहा है, जिसके चलते कई वाहनों अतिक्रमण से टकरा कर भारी क्षति पंहुच चुकी है, लेकिन उसके बाद भी प्रशासन व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण घटनाओं से सबक लेकर भी सचेत नहीं हो सका, जिसके चलते प्रतिदिन मार्ग पर गंभीर हादसे घटित हो रहे।

**शेष : चोरी करती महिला...**

पर कार्यरत है। हालांकि पुलिस अफसर फिलहाल इस संबंध में किसी तरह की तहरीर नहीं आने का दावा करते हुए शिकायत होने पर जांच कर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं, आरोपी महिला अफसर का कहना है कि वे अपने बीमार बेटे की देखरेख के लिए दिल्ली के एक हॉस्पिटल में मौजूद हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# गहरे गड्ढ़े में गिरने से बाइक असंतुलित होकर पलटी, भाई–बहन हुए घायल


कांधला १२ सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के निकट सड़क में गहरा गड्ढ़ा होने के चलते बाइक असंतुलित होकर पलट गई। बाइक के पलटने से बाइक सवार बहन भाई घायल हो गए। सूचना पर १०८ एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। सड़कों में हो रहे गहरे गड्ढ़े हादसों को दावत दे रहे हैं। सड़कों में गहरे गड्ढ़े होने के कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि कुछ लोग सड़कों में हो रहे गड्ढ़ों के चलते अपनी जान से भी हाथ धो बैठते हैं। प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शीघ्र ही प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने के आदेश दिए हैं। सीएम के आदेश के बाद प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी आस मौहम्मद पुत्र गयूर अली अपनी बहन सायरा के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी बहन की ससुराल जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कोतवाली के गांव राजपुर छाजपुर में बहन को छोड़ने के लिए गया था। जैसे ही बाइक सवार भाई–बहन क्षेत्र के गांव भभीसा के निकट पहुंचे तो अचानक बाइक का पहिया सड़क में हो रहे गहरे गड्ढ़े में गिर गया। बाइक का पहिया सड़क में हुए गहरे गड्ढ़े में गिरने से बाइक असंतुलित होकर पलट गई। बाइक के पलटने से बाइक सवार बहन–भाई घायल हो गए। सूचना पर १०८ एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला सायरा की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# कुटेसरा की घटना का खुलासा नहीं कर पाई चरथावल पुलिस

चरथावल, १२ सितंबर (बु.)। मुजफ्फरनगर से दवाई लेकर कुटेसरा लौट रहे इरसाद को बाईक सवार को चार–पांच अज्ञात बदमाशों द्वारा बंधक बनाकर ईख के खेत डाल दिया और विरोध करने पर इरसाद को चाकू मारकर घायल कर दिया। बाईक में आग लगा दी। राहगीरों के आने की आवाज सुनकर बदमाश भाग खड़े हुए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया था और सीओ सदर भी घटनास्थल पर पहुंचे थे। घटना के बाद जहां थाना प्रभारी द्वारा जल्द से जल्द घटना को खोलने को कहा गया था, लेकिन डेढ़ माह से ज्यादा बीतने के बाद भी चरथावल पुलिस द्वारा आज तक घटना का खुलासा ना करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और क्षेत्रवासी यह कहते नजर आ रहे हैं कि जब योगी राज में भी जहां पुलिस प्रदेश से अपराध को खत्म करने की बात कह रही है और उसके बाद भी सैदपुरा कुटेसरा मार्ग पर इरसाद के साथ हुई इतनी बड़ी घटना का भी पुलिस द्वारा खुलासा ना करना पुलिस की कार्यप्रणाली को दर्शा रहा है कि प्रदेश में अपराध भले ही कम हो गया हो, लेकिन चरथावल पुलिस अपहरण के प्रयास और जानलेवा हमले जैसी घटनाओं का भी खुलासा नहीं करने में कोई रुचि नहीं ले रही है या फिर चरथावल पुलिस घटना का खुलासा नहीं करना चाहती और पीड़ित को घटना का खुलासा ना कर पीड़ित को न्याय नहीं देना चाहती है। यह मामला क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के दिन थाना प्रभारी द्वारा घटना को चुनावी रंजिश की घटना बताया था।

## जेलें अब मस्ती का अड्डा नहीं रहीं : योगी

संतकबीरनगर, 12 सितम्बर ( वार्ता )। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कभी गुंडे,माफिया के लिये मौज मस्ती का केन्द्र रहीं राज्य की जेलों में अब अपराधियों को सुधरने का मौका दिया जाता है। श्री योगी ने रविवार को यहां 126 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जिला कारागार का लोकार्पण समेत कुल 245 करोड़ रुपये की लागत वाली 122 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश की जेलों को सुधारगृह के रूप में बदला है।



# भूपेन्द्र पटेल बने गुजरात के नए मुख्यमंत्री

गांधीनगर, 12 सितंबर ( वार्ता )। गुजरात में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के अचानक इस्तीफ़ा देने के एक दिन बाद आज ज़बरदस्त राजनीतिक गहमागहमी और अटकलबाजियों के बीच भूपेन्द्र रजनीकांत पटेल को उनका उत्तराधिकारी चुन लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती आनंदीबेन पटेल के क़रीबी 59 वर्षीय श्री पटेल वर्ष 2017 के पिछले चुनाव में ही पहली बार विधायक चुने गए थे। वह श्रीमती पटेल के विधानसभा क्षेत्र अहमदाबाद के घाटलोडिया से एक लाख से अधिक वोटों से जीते थे। घाटलोडिया श्री पटेल के स्वजातीय पाटीदार समुदाय की बहुलता वाला विधानसभा क्षेत्र है। वह मूल रूप से अहमदाबाद के ही रहने वाले हैं। उनके नाम की घोषणा से एक बार फिर भाजपा का सबको चौकाने वाला निर्णय सामने आया है। हालांकि पूर्व की अटकलों के अनुरूप श्री पटेल पाटीदार समुदाय से ही आते हैं पर उनके नाम की दूर-दूर तक कोई चर्चा नहीं थी। सत्तारूढ़ भाजपा के यहां के निकट कोबा स्थित प्रदेश मुख्यालय श्री कमलम में हुई पार्टी विधायक दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दो केंद्रीय निरीक्षकों में से एक नरेंद्र तोमर ने श्री पटेल के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री रूपाणी ने श्री भूपेन्द्र पटेल के रूप में एकमात्र नाम का प्रस्ताव किया जिसका अनुमोदन पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल समेत अन्य विधायकों ने किया। पेशे से बिल्डर रहे श्री पटेल उस सरदारधाम ट्रस्ट के ट्रस्टी भी हैं जिसके भवन का उद्घाटन अहमदाबाद में ऑनलाइन कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उसी कार्यक्रम के बाद श्री रूपाणी ने अचानक इस्तीफ़ा दे दिया था। अहमदाबाद अर्बन डिवेलप्मेंट अथॉरिटी के प्रमुख रहे श्री पटेल कार्यकाल के हिसाब से गुजरात के 22 वें तथा चेहरे के लिहाज़ से 17 वें मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले इसके पार्टी के कोर ग्रूप की बैठक हुई। केंद्रीय निरीक्षकों ने कोर ग्रूप के साथ चर्चा भी की। बैठक में तीन केंद्रीय निरीक्षक नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद जोशी ( दोनो केंद्रीय मंत्री ) तथा पार्टी के केंद्रीय महामंत्री तरुण चुघ, प्रदेश प्रमुख सी आर पाटिल और प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र यादव भी उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि श्री रूपाणी के इस्तीफ़े के बाद से अधिकतर राजनीतिक प्रेक्षकों का यह मानना था कि अगला मुख्यमंत्री राज्य में दबंग माने जाने वाले पाटीदार समुदाय का होगा। और ऐसा हुआ भी। पर जो नाम मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे माने जा रहे थे उनमें पाटीदार जाति के दो केंद्रीय मंत्री सर्वश्री मनसुख मांडविया, परशोत्तम रूपाला, उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल, राज्य भाजपा उपाध्यक्ष गोरधन झड़फ़िया, पूर्व मंत्री प्रफुल्ल पटेल, निवर्तमान कृषि मंत्री आर सी फलदु प्रमुख थे। इनके अलावा राज्य के क़ानून मंत्री प्रदीप सिंह जडेजा, भाजपा प्रमुख सी आर पाटिल, वन मंत्री गणपत वसावा जैसे ग़ैर पाटीदार नेताओं के नाम भी इस रेस में शामिल बताए जा रहे थे। वैसे भाजपा आलाकमान को ऐसे मामलों में 'आश्चर्य' में डालने वाले फ़ैसले लेने के लिए पहले से जाना जाता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

## यूपी में मिले 21 नये मरीज

लखनऊ 12 सितम्बर ( वार्ता )। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटो के दौरान वैश्विक महामारी कोविड-19 के 21 नये मामलों की पहचान की गयी है जबकि पहले से इलाज करा रहे 28 मरीज स्वस्थ हो गये। राज्य में फिलहाल कुल 177 मरीजों का इलाज चल रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि 34 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। शनिवार को कोविड टेस्टिंग में 63 ज़िलों में संक्रमण का कोई भी नया केस नहीं मिला। बलिया, अलीगढ़, अमरोहा, अयोध्या, बागपत, बलरामपुर, बांदा, बस्ती, बहराइच, भदोही, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, एटा, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, कासगंज, कुशीनगर, ललितपुर, महोबा, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, सहारनपुर, संतकबीरनगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर और सोनभद्र में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। उन्होने बताया कि प्रदेश की 48 फीसदी आबादी ने कोविड टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। पहली खुराक लेने वालों की संख्या 07 करोड़ 22 लाख से अधिक हो गई है। इस प्रकार प्रदेश में कुल कोविड वैक्सीनेशन 08 करोड़ 68 लाख से अधिक हो गया है। यह किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टीकाकरण है।

# श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष बने योगेश जैन

खतौली, १२ सितंबर (बु.)। श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज प्रबन्ध समिति के चुनाव में मतदान के उपरांत हुई मतगणना में भारी मतों के साथ योगेश चन्द जैन अध्यक्ष व कामरेड राजीव जैन बैंक वाले प्रबन्धक पद पर पुनः निर्वाचित हुए। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व घोषित कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को के.के. जैन इण्टर कॉलेज खतौली प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व प्रबन्धक पद हेतु मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। निर्वाचन अधिकारी अशोक शर्मा के निर्देशन में प. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय इण्टर कॉलेज बधाई कला के कार्यवाहक प्रधानाचार्य आशीष द्विवेदी के पर्यवेक्षक के रूप में हुए मतदान सम्पन्न हुए मतदान के पश्चात मतगणना प्रारम्भ हुई, मतगणना परिणामों में अध्यक्ष पद हेतु योगेश चन्द जैन को ११६८ मत तथा उनके विरोधी प्रत्याशी सुधीर कुमार जैन को मात्र १२७ मत मिले। प्रबन्धक हेतु कामरेड राजीव जैन (बैंक वाले) को ११६६, जबकि उसके प्रत्याशी नीरज जैन को केवल १२४ वोट मिले। मतगणना परिणामों के आधार पर चुनाव अधिकारी द्वारा योगेश जैन को अध्यक्ष व राजीव जैन को प्रबन्धक पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय प्रबन्धक समिति के उपाध्यक्ष पद हेतु आशु जैन (औषधि वाले), उपप्रबन्धक मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष पुलकित जैन सहित हितेश जैन, पवन जैन, सुनील, जय भगवान, अमित कुमार, डॉ. विकास, प्रदीप कुमार, अजय जैन, सुबोध, सुनील, नवीन, निर्विरोध सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये। नवनिर्वाचित प्रबन्धक कामरेड राजीव जैन ने विद्यालय के सभी आम सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए निर्वाचित कार्यकारिणी से मिलकर विद्यालय के विकास व शैक्षिण गुणवत्ता को आगे बढ़ाते हुए निरंतर प्रयासरत बने रहने का आश्वासन दिलाया।